


नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 3 जुलाई 2026


# डिजिटल युग में मातृशक्ति बनेगी भाजपा की सबसे बड़ी ताकत

- भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उषा सोनी ने तराना में दिया डिजिटल प्रशिक्षण का मंत्र



**तराना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी डिजिटल प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत भाजपा उज्जैन जिला ग्रामीण महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उषा सोनी का भाजपा महिला मोर्चा तराना नगर अध्यक्ष चित्रा बाजपेई के निज निवास पर आत्मीय आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजपा परिवार एवं महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार एवं आत्मीय भाव से उनका स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया।

बैठक में तराना नगर की वरिष्ठ भाजपा नेत्री प्रसन्ना मूंदड़ा, अनसुईया सोमानी, रानी राठौड़, शीला वर्मा, महिला मोर्चा की पदाधिकारीगण एवं महिला कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष उषा सोनी ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल क्रांति का युग है। संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता तकनीक से जितना अधिक जुड़ा होगा, वह समाज और संगठन के बीच उतनी ही प्रभावी भूमिका निभा सकेगा।

## महिलाओं को डिजिटल प्रशिक्षण से जोड़े

उन्होंने सभी महिला कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक महिलाओं को डिजिटल प्रशिक्षण से जोड़ते हुए उनके डिजिटल कार्ड बनवाए जाएं, ताकि संगठन की गतिविधियां, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं और सेवा कार्य अंतिम व्यक्ति तक तेज़ी से पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक अभियान केवल संगठन विस्तार तक सीमित नहीं, बल्कि समाज को जागरूक, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम है। महिला मोर्चा की मातृशक्ति इस अभियान की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है और उनके सक्रिय सहयोग से यह अभियान नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। बैठक के समापन पर एक पेड़ मां के नाम एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए चित्रा बाजपेई के निवास स्थित उद्यान में बेलपत्र सहित विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने हरित एवं स्वच्छ भारत के निर्माण हेतु अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। डिजिटल सशक्तिकरण, संगठन विस्तार और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाला यह कार्यक्रम भाजपा की सेवा, संगठन और संस्कार की कार्यशैली का प्रेरणादायी उदाहरण बना।

# नगर निगम के बाहर के व्यक्तियों को अनुकम्पा नियुक्ति देने से कर्मचारियों में फूटा आक्रोश

- कर्मचारी संघों ने नगर निगम गेट पर विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**उज्जैन।** नगर निगम उज्जैन के कर्मचारियों के कार्य के दौरान मृत्यु होने पर उनके परिजनों को स्थापना विभाग के कर्मचारियों-अधिकारियों द्वारा छोटी-छोटी क्वेरियां कर वर्षों से अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों को रोक रखा है। वहीं वर्तमान में शिक्षा विभाग, जिला पंचायत एवं अन्य विभागों के 16 कर्मचारियों के पुत्र-पुत्रियों को उज्जैन नगर निगम में अनुकम्पा नियुक्ति देकर नगर निगम कर्मचारियों के अधिकारों पर कुठाराघात किया गया है, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है।

उक्त बात भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सफाई कामगार संघ, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट ने कही। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी त्रुटियों पर सफाई कर्मचारियों एवं आफिस में कार्यरत कर्मचारियों को निलंबित, सेवा समाप्त, तनख्वाह काटने जैसी कार्यवाहियां की जा रही है, जो गलत हैं। आयुक्त द्वारा कर्मचारियों से संबंधित मांगों को मान लिया जाता है लेकिन निचले स्तर के अधिकारियों द्वारा उन मांगों पर अमल नहीं किया जाता है,

## एक नजर में

### आदित्य विद्या मंदिर में डॉक्टर्स डे मनाया



नागदा। आदित्य विद्या मंदिर द्वारा आज डॉक्टर डे, ग्रीन डे, बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान हंप्टी डंप्टी एवं बड़े बच्चों द्वारा बच्चों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई एवं सभी अतिथि डॉक्टर के द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. एसआर चावला, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. हिमांशु दत्त पांडे, डॉ. प्रदीप रावल, लायंस क्लब नागदा के अध्यक्ष एसएस शर्मा, विद्यालय के संरक्षक ओम प्रकाश जायसवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। भजन सम्राट संयम सोनी ने आकर्षक भजन प्रस्तुति से बच्चों एवं अतिथियों का समा बांधा। अतिथियों को विद्यालय संरक्षक ने सम्मान चिन्ह भेंट किया। संचालन विशाल साहनी, हेमंत सूर्यवंशी ने किया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### उपसरपंच का निधन



घट्टिया। ग्राम पंचायत घट्टिया के उपसरपंच कुंवर विजय सिंह पंवार का अल्प बीमारी के बाद गुरुवार को अल्प आयु में निधन हो गया। पंवार ठाकुर नागु सिंह के पुत्र थे व माधव सिंह के पिता। निज निवास से निकली शवयात्रा में नगर वासियों सहित इष्ट मित्रों ने भाग लेकर अंतिम विदाई दी।

### महाविद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव

नागदा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय नागदा में दीक्षारंभ कार्यक्रम के साथ हुई। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पी भास्कर रेड्डी ने की। मुख्य अतिथि जनसेवा ट्रस्ट बिरलाग्राम से पधारे डॉ. रोहित यादव रहे। शुभारंभ माता सरस्वती की पूजन और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। प्राचार्य ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन में रहने की सीख दी। दीक्षारंभ कार्यक्रम के द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए सहायक प्राध्यापक प्रांजल रंजन अवस्थी ने विद्यार्थियों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्वपूर्ण बिंदुओं की चर्चा की। संचालन डॉ. श्रीमती शर्मा ने किया और अंत में आभार सहायक प्राध्यापक सचिन तिवारी ने माना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नवप्रवेशित विद्यार्थीगण और प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

### बाइक से कट लगने पर युवक के पेट में घोंपा चाकू

**महू.** गेटवेल अस्पताल के पास बुधवार शाम बाइक कट मारने को लेकर हुए विवाद में एक 18 साल के युवक को चाकू मार दिया गया. युवक के पेट में चाकू लगने से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. पुलिस के अनुसार, चोरल डेम निवासी गोलू पिता जगदीश (18) बुधवार शाम करीब 6.30 बजे इंदौर से अपने घर लौट रहे थे. गेटवेल अस्पताल के सामने उनकी बाइक से कट लगने को लेकर दो दूसरे बाइक सवार युवकों से उनकी कहासुनी हो गई. विवाद बढ़ने पर एक आरोपी ने गोलू के पेट में चाकू घोंप दिया. इसके बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए. घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद लोगों ने घायल युवक को संभाला और तुरंत अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है. पेट में गहरा घाव होने से उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की है. हालांकि, क्षेत्र में बढ़ते क्राइम ग्राफ और लचर कानून व्यवस्था को देखते हुए जनता अब पुलिस की कार्यप्रणाली पर सीधे सवाल उठा रही है. वहीं घटनास्थल के ठीक सामने बड़ा निजी अस्पताल गेटवेल मौजूद होने के बावजूद घायल को वहां तुरंत इलाज न मिलना, क्षेत्र की आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और संवेदनशीलता पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है. गंभीर रूप से घायल युवक को तड़पती हालत में शासकीय मध्य भारत अस्पताल ले जाना पड़ा, जिससे कीमती समय भी बर्बाद हुआ. इधर, स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के कारण यह पूरा इलाका अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है. महज दो दिन पूर्व भी इसी गेटवेल अस्पताल के पास सरेआम तलवारबाजी की घटना हो चुकी है. दो दिन के भीतर लगातार दूसरी बड़ी वारदात होने के बावजूद महू थाना पुलिस गहरी नींद में सोई हुई है.

### नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण के दूसरे बैच का शुभारंभ

**महू.** भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के आंचलिक कार्यालय महू स्थित कौशल विकास केन्द्र में बुधवार को 15 वर्ष से अधिक उम्र की बालिकाओं व महिलाओं के लिए नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण के दूसरे बैच का शुभारम्भ किया गया. कार्यक्रम में समाजसेवी श्रीमती निर्मला यादव मुख्य अतिथि एवं संघ के महासचिव सुरेश खण्डेलवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे. श्रीमती यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं ऐसे नि:शुल्क प्रशिक्षणों का लाभ लेकर आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनें और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं. विशेष अतिथि सुरेश खण्डेलवाल ने कहा कि इस प्रशिक्षण का स्वयं लाभ लेने के साथ ही आस-पास की अन्य महिलाओं को भी सीखने के लिए प्रेरित करें. इससे पूर्व, उपनिदेशक राजेश चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया. कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती कमलेश पिंपलेकर ने किया. इस अवसर पर श्रीमती संध्या मिश्रा और दिलीप वर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

### स्व. दीपक जाजू की जयंती पर सजेगी सुरों की महफिल

महू. दीपक जाजू मित्र मंडल द्वारा संगीत के पितृपुरुष, वरिष्ठ खेल संघटक एवं समाजसेवी स्व. दीपक जाजू के जन्म दिवस के अवसर पर एक भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम में मंडल के चुनिंदा सुर साधक स्वर्गीय जाजू के पसंदीदा गीतों की प्रस्तुतियां देंगे. इसके साथ ही संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को स्व. दीपक जाजू स्मृति संगीत सम्मान से नवाजा जाएगा.

# डॉक्टर्स डे पर 141 चिकित्सकों को मिला उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा सम्मान

- भारत विकास परिषद विक्रमादित्य और वेदा हॉस्पिटल ने किया 10वें सम्मान समारोह का आयोजन
- कैंसर और आर्थोपेडिक चिकित्सा में विशेष योगदान देने वाले डॉक्टरों का हुआ बहुमान



उज्जैन। डॉक्टर्स डे के अवसर पर भारत विकास परिषद विक्रमादित्य और वेदा कैंसर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में 10वां उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मौनतीर्थ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री सुमनानंद गिरि के सानिध्य में हुए इस समारोह में कैंसर और आर्थोपेडिक चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले 141 चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अवंतिका यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. मनेष पाटिल, डॉ. संतोष कुमार शर्मा, वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. शरद नायक और वेदा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. संजय गोकुलदास उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के प्रांतीय संयोजक स्वास्थ्य शिविर भगवान शर्मा ने की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अजय मंडलोई, संस्था अध्यक्ष डॉ. प्रशांत पाटीदार और मैनेजर दीपेश शर्मा ने बताया कि संस्था बीते 9 वर्षों से चिकित्सा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित कर रही है।

## इनकी रही विशेष उपस्थिति

इस अवसर पर डॉ. गौरव बगड़ा, अजय जागीरदार लाला, शैलेश दुबे, संस्था के सुनील शर्मा, सुभाष पाठक, रुद्रेश शर्मा, शुभम नागर, माया शर्मा, श्वेता पाटील, उषा शर्मा, तनु शर्मा, नीलम पाटीदार, सरिता पाटीदार, आशीष यादव, सुनील सोनी, सागर सक्सेना, तरुण शितोले, अंशुल कोठालकर और संजीव आचार्य मौजूद रहे। साथ ही अवन्तिका शाखा से चिराग शाह व अजय मिश्रा, हरसिद्धि शाखा से रुचिका पचौरी, आरती खरे और पी.सी. व्यास की विशेष उपस्थिति रही।



# वरिष्ठ पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी जोशी का सेवा सम्मान समारोह

**उज्जैन।** पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ द्वारा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संभाग ग्रह में, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी केआर जोशी, पूर्व प्रदेश महामंत्री के सेवा सम्मान में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। आपके द्वारा 40 वर्ष तक शासकीय सेवा में रहते हुए उत्कृष्ट कार्य किया गया। अध्यक्षता उपसंचालक, डॉ. के सिरवनी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त संचालक डॉ. वीके बर्वे एवं विशेष अतिथि डॉ. जीजी गोस्वामी एवं केसी चौहान, प्रदेश महामंत्री एसके पाठक, रूपेंद्र शर्मा, नवीन मरमट, रवि राठौर, दिनेश मारू एवं सुनील पाटीदार उपस्थित रहे।

# निलंबित सचिव उदयभान सिंह की बहाली नहीं होने पर कर्मचारी संघ करेगा आंदोलन

**उज्जैन। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने घट्टिया ब्लॉक सचिव उदयभान सिंह यादव के निलंबन का कड़ा विरोध किया है। संघ ने इसे द्वेषपूर्ण और एकतरफा कार्रवाई बताते हुए जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री को ज्ञापन सौंपा और तत्काल बहाली की मांग की है। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र बहाली नहीं हुई तो संगठन द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।**



संघ का आरोप है कि स्टॉफ की शिकायत के आधार पर की गई निलंबन की इस कार्रवाई में शाला विकास समिति के सचिव और ग्रामीणों द्वारा यादव के पक्ष में दिए गए तथ्यात्मक प्रमाणों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। इस एकतरफा कार्रवाई को लेकर कर्मचारियों में भारी असंतोष है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पुरोहित, संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, कार्यकारी जिलाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर, सचिव रामसिंह बनिहार, संगठन मंत्री चंद्रप्रकाश फटाले, उपाध्यक्ष राजाराम कच्छावा, सह सचिव बजरंग सिंह तोमर, जिला कलेक्टर विभागीय समिति के संयोजक महेश नागर, सह संयोजक अश्विन पंड्या, जिला प्रवक्ता राकेश पाठक, स्वास्थ्य विभाग समिति के सह संयोजक दिलीप बोटके और प्यारेलाल बारले सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उज्जैन रेल चालक लॉबी को पूर्ववत रखने की मांग, रेल मंत्री को भेजा पत्र

**उज्जैन।** रतलाम रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों में शामिल उज्जैन से वर्तमान में भोपाल (बीना), बड़ोदरा, कोटा और गुना दिशाओं में यात्री एवं मालगाड़ियों का सुरक्षित संचालन लंबे समय से होता रहा है। भविष्य में खंडवा दिशा में भी रेल संचालन प्रस्तावित है। इसके बावजूद पिछले कुछ वर्षों से उज्जैन की रेल चालक (लोको पायलट) लॉबी का कार्यक्षेत्र लगातार सीमित किया जा रहा है।

सजग उज्जैन मंच के उपाध्यक्ष आशीष चौरे ने इस संबंध में रेल मंत्री को पत्र लिखकर बताया है कि उज्जैन की चालक लॉबी का कार्य समाप्त कर जबरन इंदौर में लॉबी विकसित की जा रही है। इसके चलते उज्जैन के रेल कर्मचारियों का स्थानांतरण इंदौर, महू (डॉ. अंबेडकर नगर) और रतलाम किया जा रहा है, जिससे यहां का चालक मुख्यालय लगातार कमजोर हो रहा है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि हाल ही में शुरू हुई उज्जैन-कोटा मेमू ट्रेन के संचालन के लिए भी उज्जैन के स्टाफ का उपयोग नहीं किया जा रहा है। इसके बजाय कोटा से एक कर्मचारी स्पेयर के रूप में ट्रेन से उज्जैन आता है, लगभग 24 घंटे यहां रुकता है और अगले दिन उसी ट्रेन का संचालन करता है। इस पूरी प्रक्रिया में रेलवे पर अतिरिक्त व्यय भी हो रहा है, जबकि उज्जैन में पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें कार्य नहीं दिया जा रहा है।

# दीपक राजवानी बने लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रिंट मीडिया

उज्जैन। इंटरनेशनल लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 में दीपक राजवानी को डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रिंट मीडिया सोशल वर्क नियुक्त किया गया है। उनकी यह महत्वपूर्ण नियुक्ति डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन महेश मालवीय द्वारा की गई है। उल्लेखनीय है कि डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 ने इस वर्ष सदस्यता वृद्धि के मामले में स्वर्णिम इतिहास रचा है। इस डिस्ट्रिक्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे विश्व में आठवां और भारत में छठा स्थान प्राप्त किया है। राजवानी के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रिंट मीडिया सोशल वर्क मनोनीत होने पर लायन डॉ. प्रकाश सेठ, लायन डॉ. पंकज मारू, लायन संजय सक्सेना, सहित कई प्रमुख पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।



# सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण, आउटसोर्स कर्मियों के पूरे वेतन की उठी मांग

उज्जैन। वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ संपूर्ण भारत इकाई की एक महत्वपूर्ण चिंतन बैठक उज्जैन में आयोजित की गई। शिवपुरी से उज्जैन प्रवास पर आए संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल किशोर कोड़े और प्रदेश अध्यक्ष जुगल किशोर कोड़े के आतिथ्य में सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण और युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर मंथन किया गया।संभाग अध्यक्ष हेमराज घावरी, संभाग कोर कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र भाटी और जिला अध्यक्ष रवि सीहोते के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कर्मचारियों की समस्याओं पर प्रमुखता से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को जल्द नियमित किया जाए और आउटसोर्स कर्मचारियों को पूरा वेतन दिया जाए।

# माधव महाविद्यालय का गौरवशाली इतिहास : प्रो. कल्पना सिंह



**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह कोई साधारण संस्था नहीं, बल्कि एक अनुपम शिक्षण संस्थान है। मध्य प्रदेश के सबसे पुराने तीन महाविद्यालयों में से यह एक है और इसका इतिहास काफी रोमांचकारी है। आजादी की लड़ाई में भी माधव महाविद्यालय का बड़ा योगदान रहा है।

**चुनौतियों को स्वीकार करें विद्यार्थी**-प्रो. सिंह ने बताया कि इसी संस्था से माधव विज्ञान महाविद्यालय और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है। ऐसे में यहां प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली हैं और उन्हें इस पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन संघर्षों से भरा है और जीवन के प्रति लापरवाही संकट में डाल सकती है। आग में तपकर ही सोना कुंदन बनता है, इसलिए जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करें। भगवान कृष्ण और सुदामा की शिक्षा स्थली के पास स्थित इस परिसर में विरासत संरक्षण के साथ अकादमिक श्रेष्ठता के प्रयास किए जा रहे हैं। यहां कम शुल्क में उत्कृष्ट शिक्षा के साथ परंपरागत और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

## मनस्विता का किया गया सम्मान

कार्यक्रम में साथी सेल की ब्रांड एंबेसडर और सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित मनस्विता तिवारी का सम्मान किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। इससे पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डॉ. बी.एस. अखंड ने प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेन्द्र सिंह का स्वागत किया। मां सरस्वती की वंदना नलिनी तिलकर ने प्रस्तुत की। नव प्रवेशित विद्यार्थियों का गुलाब के फूल देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रीना अर्धव्यू ने किया। इस अवसर पर सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**सेफ क्लिक 2.0 अभियान** — 5वीं से 12वीं तक की 300 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक की सहभागिता

# छात्राओं को साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, व्यक्तित्व विकास की दी जानकारी

**नागदा।** मध्यप्रदेश पुलिस के सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत थाना नागदा पुलिस द्वारा कन्या शाला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 5वीं से 12वीं तक की लगभग 300 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, ऑनलाइन ठगी से सुरक्षा, महिला अपराधों की रोकथाम तथा व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। योगिता द्विवेदी उपनरीक्षक, नागदा व उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में थोड़ी-सी सतर्कता बड़े साइबर अपराधों से बचा सकती है। साथ ही छात्राओं को सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने, अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।

## छात्राओं को डिजिटल रूप से जागरूक किया

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पूरे उत्साह एवं रुचि के साथ सहभागिता करते हुए साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों द्वारा सरल एवं विस्तृत रूप से समाधान किया गया। इस संवादात्मक सत्र ने छात्राओं में जागरूकता, आत्मविश्वास तथा सुरक्षा के प्रति सजगता का भाव और अधिक सुदृढ़ किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल रूप से जागरूक, आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित बनाना था। अंत में यह संदेश दिया गया कि सुरक्षित बेटियां ही सशक्त समाज और उज्ज्वल राष्ट्र की आधारशिला हैं। थाना नागदा पुलिस ने विश्वास दिलाया कि समाज में साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा के प्रति जनजागरण के लिए ऐसे जागरूकता अभियान निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।